# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0,
जौनपुर

बेव साइट : ww.vbspu.ac.in
ई–मेल : connectpuregistrar.gmail.com
दूरभाष : 05452–252244

पत्रांक : 3631 / शैक्षणिक / 2021 दिनांक : 30-9-21

## प्रवेश समिति की बैठक

### दिनांक 06.09.2021

### उपस्थिति

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 निर्मला एस. मौर्य, कुलपति। | अध्यक्ष |
| 2. डॉ0 नूरतलअत, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, शाहगंज, जौनपुर। | सदस्य |
| 3. डॉ0 अशहद अहमद, संकायाध्यक्ष, विधि, शिबली नेशनल कालेज, आजमगढ़। | सदस्य |
| 4. प्रो0 राम नारायण, बायोटेक्नोलोजी विभाग, संकायाध्यक्ष, विज्ञान, विश्वविद्यालय परिसर। | सदस्य |
| 5. डॉ0 विजेन्द्र कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, श्री गणेश राय पी0जी0 कालेज, डोभी, जौनपुर। | सदस्य |
| 6. प्रो0 अजय प्रताप सिंह, संकायाध्यक्ष अनु0 सामा0 वि0 एवं मानविकी संकाय, विश्वविद्यालय, परिसर। | सदस्य |
| 7. प्रो0 बी0बी0 तिवारी, संकायाध्यक्ष इंजी0 एवं टेक्नोलॉजी संकाय, वि0वि0 परिसर। | सदस्य |
| 8.. डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, व्यवहारिक मनो0 विभग, वि0वि0 परिसर। | सदस्य |
| 9. प्रो0 वन्दना राय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। (कार्यपरिषद सदस्य नामिनी) | सदस्य |
| 10. श्री व्यास नारायण सिंह, परीक्षा नियन्त्रक, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | सचिव |
| 11. श्री संजय कुमार राय, वित्त अधिकारी, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 12. श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्य, सहा0 कुलसचिव, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 13. श्री अमृत लाल, सहा0 कुलसचिव, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 14. श्रीमती ववित, सहा0 कुलसचिव, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |

## <u>प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 06.09.2021 की कार्यवृत्त</u>

कार्यसूची–1 प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 18.06.2021 की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।

निर्णय प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 18.06.2021 की कार्यवाही को पुष्टि प्रदान की गयी।

सूची–2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार प्रवेश नियमावली के परिप्रेक्ष में विस्तृत विचार विमर्श एवं नीति के क्रियान्वयन किये जाने पर विचार।

निर्णय **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वय हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार प्रवेश नियमावली एवं नीति के क्रियान्वयन को विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त यथावत स्वीकार किया गया।**

अन्य कोई प्रस्ताव न हाने के कारण कुलसचिव जी के धन्यवाद के उपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव | 29/09/2021 कुलपति

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

mail:connectpuregistrar@gmail.com Web: www.vbspu.ac.in

(12)

पत्रांक : 767 /शैक्षणिक/2018 दिनांक : 14-5-2018

**प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 08.05.2018 को अपरान्ह 02.00 बजे कुलपति सभागर में आहूत की गयी। जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित हुये :-**

| | |
|---|---|
| 1. प्रो० डॉ० राजाराम यादव, कुलपति। | अध्यक्ष |
| 2. डॉ० आर०आर० यादव, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, अम्बारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. श्री वशिष्ठ यति, संकायाध्यक्ष कृषि संकाय, पी०जी० कालेज, गाजीपुर | सदस्य |
| 4. श्री उमाशंकर सिंह, संकायाध्यक्ष कला संकाय, गांधी शताब्दी महाविद्यालय, कोयलसा, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. श्री सूर्य प्रकाश सिंह, संकायाध्यक्ष, विधि संकाया टी०डी० कालेज, जौनपुर | सदस्य |
| 6. डॉ० मनोज मिश्रा, संकायाध्यक्ष, अनप्रयुक्त समाजिक विज्ञान, विश्वविद्यालय परिसर | सदस्य |
| 7. प्रो० अशोक कुमार श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष, इंजी० एण्ड टेक्ना० संकाय, विश्वविद्यालय, परिसर | सदस्य |
| 8. डॉ० बी०डी० शर्मा, संकायाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन संकाय, विश्वविद्यालय परिसर | सदस्य |
| 9. डॉ० वन्दना राय, संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय, विश्वविद्यालय परिसर | सदस्य |
| 10. डॉ० राम नारायण, बायोटेक्नालाजी विभाग, विश्वविद्यालय परिसर | सदस्य |
| 11. श्री सुजीत कुमार जायसवाल, कुलसचिव | सचिव |
| 12. श्री एम० के० सिंह, वित्त अधिकारी | विशेष आमंत्रित |

## प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 08.05.2018 की कार्यवृत्त

**प्रवेश समिति की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुयी :-**

**कार्यसूची-1** **पी०यू०कैट प्रवेश परीक्षा से समिति को संज्ञानित कराना।**

**निर्णय** विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों यथा एम०एस०सी० (बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, पर्यावरण विज्ञान) एम०ए० (अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान, जनसंचार एवं पत्रकारिता) एम०सी०ए०, एम०बी०ए०, एम०बी०ए०- बिजनेस इकोनामिक्स, एम०बी०ए०-ई-कामर्स, एम०बी०ए०-एग्रीविजनेस, एम०बी०ए०- एच०आर०डी०, एम०बी०ए०-फाईनेन्स एण्ड कन्ट्रोल में सत्र 2018-19 प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु निम्नाविवरण के अनुसार विश्वविद्यालय बेवसाइट एवं विज्ञापन के माध्यम से सूचना परिचालित की गयी, जिसका विवरण निम्नवत् है -

| | |
|---|---|
| 1. वेबसाईट पर आवेदन पत्र की उपलब्धता- | 16 मार्च, 2018 |
| 2. ऑनलाइन एवं विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि - | 10 मई, 2018 |
| 3. प्रवेश परीक्षा- | 10 जून, 2018 |
| 4. प्रवेश परीक्षा परिणाम- | 18 जून, 2018 |
| 5. काउन्सलिंग एवं प्रवेश- | 02 जुलाई, 2018 |

उपरोक्त विवरणानुसार पी०यू०केट प्रवेश परीक्षा सत्र 2018-19 कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण से समिति संज्ञानित हुई।

पृ०सं० 2 पर/-

**कार्यसूची–2** **एम0एड0 प्रवेश परीक्षा से समिति को संज्ञानित कराना।**

**निर्णय** समिति के समक्ष एम0एड0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन फार्म प्राप्त किये जाने हेतु निम्न निर्देश दिये गये –

1. पात्रता बी0एड0/बी0ए0बी0एड0/बी0एस0सी0बी0एड0/बी0एल0एड0 में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण हो।

अथवा

2. डी0एल0एड0 50% के साथ स्नातक उपाधि में भी न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण हो।
3. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग तथा विकलांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रित आदि को आरक्षण उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशानुसार देय होगा।
4. अन्य प्रान्त के अभ्यर्थियों को राजाज्ञानुसार 5% का आरक्षण अनुमन्य है।
5. प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एम0एड0 कक्षा में वरीयता क्रम में प्रवेश दिया जायेगा।
6. आरक्षण का लाभ मात्र राजा हरपाल सिंह पी0जी0 कालेज, सिंगरामऊ, जौनपुर में ही देय है।
7. सामान्य/पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी के लिये रू0 1000/– (रू0 एक हजार मात्र) तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति हेतु रू0 750/– (रू0 सात सौ पचास मात्र) प्रवेश परीक्षा की शुल्क निर्धारित है।
8. प्रवेश परीक्षा आवेदन शुल्क आन–लाईन ही जमा की जायेगी।
9. काउंसिलिंग हेतु बुलाये गये सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग तिथि को काउंसिलिंग शुल्क के रूप में रू0 500/– (रू0 पांच सौ मात्र) नगद जमा करना होगा।
10. प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की पात्रता योग्यता आनलाईन आवेदन तिथि के पूर्व उत्तीर्ण होना चाहिये।
11. प्रवेश परीक्षा 3 घण्टे की होगी।

दिनांक 29.04.2018 को सत्र 2018–20 हेतु सम्पन्न करायी गयी एम0एड0 प्रवेश परीक्षा से समिति संज्ञानित हुई।

**कार्यसूची–3** **संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय नोडल सेन्टर एवं केन्द्रो पर किये गये कार्यों से समिति को संज्ञानित कराना।**

**निर्णय** बी0एड0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में सत्र 2018–20 में प्रवेश किये जाने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा निम्नानुसार प्रवेश परीक्षा 2018 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियां निर्धारित कीं जिनका विवरण निम्नवत् है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाईन आवेदन पंजीकरण प्रारंभ की तिथि | 15.02.2018 | गुरूवार |
| 2 | ऑन–लाईन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 15.03.2018 | गुरूवार |
| 3 | परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 15.03.2018 | गुरूवार |
| 4 | सम्पूरित आवेदन पत्र परीक्षा शुल्क सहित ऑन लाईन जमा (Submit) करने की अंकित तिथि | 15.03.2018 | गुरूवार |
| 5 | प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि | 11.04.2018 | बुधवार |
| 6 | प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा परिणाम की तिथि | 10.05.2018<br>15.05.2018 | गुरूवार से<br>मंगलवार तक |
| 7 | ऑन–लाईन प्रवेश काउंसिलिंग (मुख्य एवं पूल) की संभावित तिथि | 01.06.2018से<br>30.06.2018 तक | शुक्रवार<br>शनिवार |
| 8 | शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होने की तिथि | 02.07.2018 | सोमवार |
| 9 | अभ्यर्थियों का सीधा प्रवेश एवं उनके प्रमाणन अंतिम तिथि | 10.07.2018 | शनिवार |

पृ0सं0 3 पर/–

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय को नोडल केन्द्र बनाया गया तथा 26 केन्द्र प्रवेश परीक्षा के लिये निर्धारित किये गये जिसमें कुल 13007 परीक्षार्थी ने प्रतिभाग किया और परीक्षाफल दिनांक 25.04.2018 को घोषित की गयी।

संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय नोडल सेण्टर एवं केन्द्रो पर किये गये कार्यों से समिति संज्ञानित हुई।

कार्यसूची–4 **पी–एच0डी0 प्रवेश हेतु गठित समिति की आख्या एवं कार्यवाही पर किए गए कार्यो से समिति को संज्ञानित कराना।**

निर्णय पी–एच0डी0 प्रवेश सत्र 2017–18 हेतु विभिन्न तिथियों में हुई बैठकों का विवरण निम्नवत् है –

पी–एच0डी0 प्रवेश 2017–18 हेतु गठित समिति की विभिन्न बैठकों दिनांक 27.06.2017, 04.07.2017, 18.07.2017, 26.07.2017, 04.08.2017, 08.08.2017, 11.08.2017, 18.09.2017 एवं 02.10.2017 द्वारा लिये गये निर्णय बिन्दुवार निम्नवत् है –

1. विज्ञापन की तिथि — 07 जुलाई, 2017
2. आवेदन की अन्तिम तिथि — 05 अगस्त, 2017
3. प्रवेश परीक्षा की तिथि — 13 अगस्त, 2017
4. परीक्षाफल की तिथि — 30 अगस्त, 2017
5. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाइन परीक्षा फार्म भराये जायें।
6. प्रवेश परीक्षा हेतु सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू0 1000 एवं अनुसूचित एवं जनजाति हेतु रू0 500 निर्धारित किया गया।
7. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पी–एच0डी0 आर्डिनेन्स 2017–18 के अनुसार करायी जायेगी।
8. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में प्रश्न पत्र तैयार करने का निर्णय किया गया।
9. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा का प्रवेशपत्र आनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा।
10. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा कराये जाने हेतु केन्द्र व्यय उत्तर प्रदेश सरकार बी0एड0 प्रवेश परीक्षा के निर्धारित दर किये जाने का निर्णय किया गया।
11. पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की डी0आर0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों/ संस्थानों को दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 तक कराने हेतु निर्देशित किया गया।
12. डी0आर0सी0 के पश्चात् सभी अभिलेख विश्वविद्यालय में दिनांक 23.12.2017 तक उपलब्ध कराने हेतु महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया गया।
13. पी–एच0डी0 आध्यादेश 2017–18 के अनुसार डी0आर0सी0 के पश्चात् आर0डी0सी0 की बैठक विभिन्न तिथियों में कराते हुए पी–एच0डी0 अभ्यर्थियों एवं सम्बन्धित को प्रवेश हेतु कार्यवाही की जा रही है।

पृ0सं0 4 पर/–

उपरोक्त विवरणानुसार पी–एच0डी0 प्रवेश हेतु गठित समिति की आख्या एवं कार्यवाही पर किये गये कार्यों से समिति संज्ञानित हुई।

| | |
|---|---|
| कार्यसूची–5 | **विभिन्न पाठ्यक्रमों में सी0वी0सी0एस0 लागू करने हेतु एक समिति के गठन पर विचार।** |
| निर्णय | विभिन्न पाठ्यक्रमों में सी0वी0सी0एस0 लागू करने हेतु समिति के गठन का कार्य किया जाय। तदोपरान्त शिक्षकों हेतु सी0वी0सी0एस0 का एक दिवसीय वर्कशाप विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाय। |
| कार्यसूची–6 | **बी0पी0एड0 महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण न होने के कारण एवं बी0पी0एड0 प्रवेश सत्र बिलम्बित होने के फलस्वरूप बी0पी0एड0 प्रवेश सत्र 2015–17 के प्रवेश प्रक्रिया को शून्य किये जाने सम्बन्धित प्रकरण को समिति के संज्ञानार्थ एवं विचारार्थ।** |
| निर्णय | बी0पी0एड0 महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण न होने के कारण एवं बी0पी0एड0 प्रवेश सत्र बिलम्बित होने के फलस्वरूप बी0पी0एड0 प्रवेश सत्र 2015–17 के प्रवेश प्रक्रिया को शून्य किये जाने सम्बन्धित प्रकरण पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। |

<u>अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार –</u>

| | |
|---|---|
| कार्यसूची–1 | **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में 40 सीट किये जाने तथा उनके शुल्क को रू0 1 लाख किये जाने पर विचार।** |
| निर्णय | विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट एवं शुल्क वृद्धि हेतु दिनांक 19.04.2018 को समस्त संकायाध्यक्षकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ कुलपति की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें सम्बन्धित विभागों के विभिन्न/ आकस्मिक व्ययों को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक विभाग के लिए शिक्षण एवं परीक्षा शुल्क की संस्तुति की गयी। दिनांक 19.04.2018 की बैठक की कार्यवाही से समिति संज्ञानित होते हुए प्रकरण को वित्त समिति में प्रस्तुत करने हेतु सुझाव दिया। |

14/05/18 — कुलसचिव

14.05.18 — कुलपति

प्रतिलिपि प्रेषित –

1. अधिष्ठाता [illegible] –
2. प्रभारी [illegible] 24/5
3. [illegible] कार्यालय – 24.5.18
4. [illegible] ″
5. ″ ″ [illegible] 24/5/18
6. संकायाध्यक्ष [illegible] 24/5/18
7. परीक्षा नियंत्रक [illegible] 24/05/18
8. [illegible] गोपनीय – 24/05/18
9. [illegible] परीक्षा – 24/5/18

(10) [illegible] प्रभारी –
(11) प्रतिनियुक्ति – 24/5/18

पत्रांक–3632 /पू0वि0वि / शैक्षणिक / 2021 दिनांक– 30-9-21

## प्रवेश समिति की बैठक दिनांक– 18.06.2021 की कार्यवृत्त

**कार्यसूची–1.** विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–7 के पत्र दिनांकः 07.06.2019 एवं उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग–2 द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या–1/2019/4/1/2002 का–2/19 टी0सी0/II लखनऊ दिनांक 18.02.2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था जो दिनांक 01.02.2019 से प्रभावी है के सम्बन्ध में विचार।

**निर्णय–** **सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**कार्यसूची–2.** बी0एड0 पाठ्यक्रम में महाविद्यालयों द्वारा अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश के सम्बन्ध में स्थायी सम्बद्धता समिति के निर्णय पर विचार।

**निर्णय–** **सदन द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**कार्यसूची–3.** बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2019–21 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** **सदन द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2019–21 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**कार्यसूची–4.** विश्वविद्यालय परिसर में प्रो0 राजेन्द्र सिंह, रज्जू भैया भौतिकीय विज्ञान एवं शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में सत्र 2020–21 से एम0एस–सी0 वायुमंडलीय विज्ञान में 20 सीट एवं पी–एच0डी0 कोर्स में प्रवेश किये जाने के सम्बन्ध में विचार।

**निर्णय–** **विश्वविद्यालय परिसर में प्रो0 राजेन्द्र सिंह, रज्जू भैया भौतिकीय विज्ञान एवं शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में सत्र 2020–21 से एम0एस–सी0 वायुमंडलीय विज्ञान में 20 सीट एवं पी–एच0डी0 कोर्स में प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में सदन द्वारा व्यय–भार/प्राध्यापकों की नियुक्ति आदि बिन्दुओं पर विचार कर पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।**

**कार्यसूची–5.** मिनिस्ट्री आफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेण्ट, इकोनामिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजन के पत्र दिनांक 5 नवम्बर, 2019 के आलोक में काश्मीरी विस्थापित नागरिकों को उच्च शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में विचार।

**निर्णय–** **मिनिस्ट्री आफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेण्ट, इकोनामिक एडमिनिस्ट्रेशन डिविजन के पत्र दिनांक 5 नवम्बर, 2019 के आलोक में काश्मीरी विस्थापित नागरिकों को उच्च शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश दिये जाने हेतु सैद्धान्ति रूप से स्वीकृति प्रदान की गई।**

**कार्यसूची–6.** परीक्षा समिति की बैठक दिनांकः 01.11.2019 में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर लिये गये निर्णय समिति के अनुमोदनार्थ।

**(i)** इण्टर से स्नातक तथा स्नातक से स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु दो वर्ष के अन्तराल को बढ़ाकर सात वर्ष किये जाने का निर्णय।

**(ii)** स्नातक किसी भी संकाय/विषयों में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा एम0ए0 के किसी भी विषय में प्रवेश लेने सम्बन्धी निर्णय।

**निर्णय–** **सदन द्वारा सर्वसम्मति से परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.11.2019 में अध्यक्ष की अनुमति से बिन्दु– i एवं ii को अनुमोदित किया गया।**

**<u>अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार</u>**

**कार्यसूची–1.** शैक्षिक कैलेण्डर सत्र 2021–22 के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** **शैक्षिक कैलेण्डर सत्र 2021–22 को लागू किये जाने हेतु सदन द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी।**

सचिव

29/09/2021
अध्यक्ष

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर–222003

पत्रांक– /पू0वि0वि/शैक्षणिक/2022 दिनांक– ..........................

**प्रवेश समिति बैठक दिनांक 22.08.2022 (सोमवार) दोपहर 04.00 बजे कुलपति सभागार में आनलाईन/आफलाईन आहू की गयी। जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित हुए :**

1–प्रो0 निर्मला एस. मौर्य, कुलपति।
2–डॉ सुरेश कुमार पाठक, प्राचार्य,मड़ियाहूं महाविद्यालय मड़ियाहूं जौनपुर।
3–डॉ विजय कुमार राय, प्राचार्य,स्वामी सहजानंद पी0जी0 कॉलेज, गाजीपुर।
4–डॉ अजय शुक्ला, प्राचार्य, समता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सादात, गाजीपुर।
5–श्री राजेश कुमार सिंह,संकायाध्यक्ष विधि विभाग, तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर।
6–प्रो0 राम नारायण, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय, विश्वविद्यालय परिसर।
7–डॉ0 राजेश कुमार सिंह,संकायाध्यक्ष कला संकाय, राष्ट्रीय पी0जी0 कॉलेज जमुहाई, जौनपुर।
8–डॉ0 ओम प्रकाश सिंह, संकायाध्यक्ष कृषि संकाय, तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर।
9–प्रो0 अविनाश पाथर्डीकर, संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय,विश्वविद्यालय परिसर।
10–प्रो0 राम चन्द्रा, विभागाध्यक्ष, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11–.श्री महेन्द्र कुमार, कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर।
12–श्री व्यास नारायण सिंह, परीक्षा नियन्त्रक, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर।

**प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 22.08.2022 की कार्यवाही–**

प्रवेश समिति की आनलाईन/आफलाईन कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अध्यक्ष महोदय द्वारा नये सदस्यों का स्वागत तथा निवर्तमान सदस्यों द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया, तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**कार्यसूची–1.** **बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता के संशोधन सम्बन्धी सुझावों पर विचार–**

**निर्णय–** बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता के संशोधन सम्बन्धी प्रस्ताव पर नियमावली निर्माण हेतु गठित समिति द्वारा निर्धारित शैक्षिक अहर्ता के संशोधन प्रस्ताव का विचारोंपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिया गया–

**विंदु 1-** वे सभी अभ्यर्थी जो इंटरमीडिएट(10+2) परीक्षा वाणिज्य, विज्ञान, गणित अथवा अर्थशास्त्र विषय से उत्तीर्ण किये हों, वे सत्र 2022–23 से उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र होंगे।

**विंदु 2-** उपरोक्त योग्यताधारी सभी अभ्यर्थियों को बी0कॉम0 पाठयक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश देने के पश्चात भी रिक्त सीटें होने की स्थिति में ऐसे सभी अभ्यर्थियों को भी प्रवेश दिया जा सकता है, जो इंटरमिडियट (10+2) की परीक्षा कला वर्ग से उत्तीर्ण हों, परंतु वे हाई स्कूल की परीक्षा गणित विषय से उत्तीर्ण किये हों।

सचिव 22/8/22 अध्यक्ष 22/8/22

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,
कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0,
जौनपुर

वेब साइट : ww.vbspu.ac.in
ई–मेल : connectpuregistrar.gmail.com
दूरभाष : 05452–252244

पत्रांक : 3629/शैक्षणिक /2021 दिनांक : 29.09.2021

## प्रवेश समिति की बैठक

### दिनांक 23.09.2021

### उपस्थिति

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 निर्मला एस. मौर्य, कुलपति। | अध्यक्ष |
| 2. डॉ0 मुनीव शर्मा, प्राचार्य, रामबचन सिह राजकीय महाविद्यालय बगली पिजड़ा, मऊ। (प्राचार्य वर्ग से) | सदस्य |
| 3. डॉ0 अशहद अहमद, संकायाध्यक्ष, विधि, शिबली नेशनल कालेज, आजमगढ़। | सदस्य |
| 4. प्रो0 राम नारायण, बायोटेक्नोलोजी विभाग, संकायाध्यक्ष, विज्ञान, विश्वविद्यालय परिसर। | सदस्य |
| 5. डॉ0 ओम प्रकाश सिंह, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, टी0डी0 कालेज, जौनपुर। | सदस्य |
| 6. डॉ0 विजेन्द्र कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, श्री गणेश राय पी0जी0 कालेज, डोभी, जौनपुर। | सदस्य |
| 07. डॉ0 समर बहादुर सिंह, संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, टी0डी0 पी0जी0 कालेज, जौनपुर। | सदस्य |
| 08. प्रो0 अजय प्रताप सिंह, संकायाध्यक्ष अनु0 सामा0 वि0 एवं मानविकी संकाय, विश्वविद्यालय, परिसर। | सदस्य |
| 09. प्रो0 अविनाश पार्थिडिकर, संकायाध्यक्ष प्रबन्ध अध्ययन संकाय, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | सदस्य |
| 10. प्रो0 वन्दना राय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। (कार्यपरिषद सदस्य नामिनी) | सदस्य |
| 11. डॉ0 मुनीव शर्मा, प्राचार्य, रामबचन सिह राजकीय महाविद्यालय बगली पिजड़ा, मऊ। (कार्यपरिषद सदस्य नामिनी) | सदस्य |
| 12. श्री महेन्द्र कुमार, कुलसचिव, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | सचिव |
| 13. श्री संजय कुमार राय, वित्त अधिकारी, वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 14. श्रीमती बबिता सहायक कुलसचिव वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर | विशेष आमंत्रित |
| 15. श्री दीपक सिंह सहायक कुलसचिव वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |
| 16. श्री अमृत लाल सहायक कुलसचिव वी0ब0सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर। | विशेष आमंत्रित |

**प्रस्ताव संख्या–1.** प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 06.09.2021 की कार्यवाही के पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 06.09.2021 की कार्यवाही को पुष्टि प्रदान की गयी।

**प्रस्ताव संख्या–2** शासनादेश संख्या –1275/सत्तर–1–2021–16 (11)/2014 टी.सी.–11 दिनांक 09 सितम्बर 2021 द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर 2021–22 के अनुमोदन पर विचार

**निर्णय–** सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या 1275/सत्तर–1–2021–16 (11)/2014 टी0सी0–11 दिनांक 09 सितम्बर, 2021 शैक्षणिक कैलेंडर को यथावत् स्वीकार किया गया। **(कार्यवाही– शैक्षणिक विभाग)**

प्रस्ताव संख्या–3 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के छात्र छात्राओं के प्रवेश हेतु शासनादेश संख्या 1577/79–वि–1–20–1 (क)–4–20 दिनांक 31 अगस्त, 2020 के अनुसार प्रवेश में छात्र/छात्राओं को दश प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के सम्बन्ध में

**निर्णय–**

सर्वसम्मति से विचार विमर्श के उपरान्त आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में स्वीकृत सीटों के सापेक्ष अतिरिक्त 10% सीटों पर प्रवेश हेतु आरक्षण प्रदान किये जाने सम्बन्धी शासनादेश संख्या 1577/79–वि–1–20–1 (क)–4–20 दिनांक 31 अगस्त 2020 को यथावत लागू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा जिन पाठ्यक्रमों में अन्य नियामक संस्थाओं द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है उनमें नियामक संस्थाओं द्वारा उक्त की अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही स्वीकृत सीटों के सापेक्ष में 10% अतिरिक्त सीटें प्रवेश हेतु अनुमन्य होगी। (**कार्यवाही– प्रवेश प्रकोष्ठ**)

**नोटः–**

1. कोरोना महामारी या अन्य कारण से यदि 90/180 दिन में से शिक्षण दिवस कम हो रहे हैं, तो उतनी शिक्षण दिवसों की पूर्ति अतिरिक्त कक्षायें/आन लाइन कक्षायें लगाकर की जायेगी ताकि सत्र नियमित किया जा सके ।
2. छात्रों को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी एवं अन्य आन लाइन माध्यमों से अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया जाये ताकि कम समय में अधिक शिक्षण कार्य संभव हो सके।सभी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय सेमस्टर/वार्षिक संचालित पाठ्यक्मों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षायें (Mid-term Exam) अनिवार्य रूप से संचालित करायेंगे, ताकि विषम अपरिहार्य परिस्थितियों में छात्रों की प्रोन्नति समय से संभव हो सके, साथ ही छात्रों की पढ़ाई की हानि न हो।
4. करोना महामारी के कारण गत वर्ष कुछ समय विश्वविद्यालय/महाविद्यालय बन्द रहें हैं जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ है तथा सत्र अनियमित हो गया है। सत्र को नियमित करने के लिये छात्र हित में सत्र सामान्य होने तक विश्वविद्यालय /महाविद्यालय में होने वाले शीतावकाश को छात्र हित में निरस्त किया जा सकता है तथा आवश्यकता अनुरूप 15–15 दिन का ग्रीष्मावकाश देते हुए दो वार में आधे–आधे शिक्षकों को शिक्षण संस्थान में बुलाया जा सकता है।
5. सत्र नियमित होने तक (31 मार्च 2023 तक) शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बहुत आवश्यक होने पर ही दीर्घावकाश (मातृत्व अवकाश छोड़कर) स्वीकृत किये जायें।
6. शोक सभायें विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थाओं में केवल कार्यरत शिक्षक/कर्मचारी के निधन पर अपरान्ह 3 बजे होगी, अपरान्ह 3 बजे तक कक्षायें यथावत चलेंगी।

आगामी शैक्षिक सत्र 2022–23 दिनांक 22.08.2022 से आरम्भ होगा जिसके लिये शैक्षिक कैलेण्डर पृथक से निर्गत किया जायेगा।

अन्य कोई प्रस्ताव न हाने के कारण कुलसचिव जी के धन्यवाद के उपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव

24/09/2021

कुलपति